रायपुर : छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर, 24 जुलाई 2021

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री श्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी, श्री यू.डी. मिन्ज, विधायक श्री मोहन मरकाम, श्री गुलाब कमरो, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेष नितिन त्रिवेदी, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान, आयोग के सदस्य श्री गणेश ध्रुव, श्री अमृत टोप्पो, श्रीमती अर्चना पोर्ते और श्री नितिन पोटाई भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनसंख्या में 32 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है और यहां 44 प्रतिशत क्षेत्र में वन हैं। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि आयोग के अध्यक्ष और सदस्य कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते हुए आदिवासियों के हित में काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर उपस्थित लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज और राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम ने भी अध्यक्ष और सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

1961